

# रिश्तेदार बना 'मेहमान चोर', शादी में किया 5 लाख पर हाथ साफ

▶ सूना घर और बारात दोनों बने निशाना, जेवर और नकदी किए बरामद

**नवभारत न्यूज**

**रतलाम/सैलाना।** शादी की खुशियों के बीच चोरी की वारदात ने सनसनी फैला दी, लेकिन सैलाना पुलिस ने तेजी दिखाते हुए पूरे मामले का खुलासा कर दिया। सबसे चौंकाने वाली बात यह रही कि चोरी करने वाला कोई बाहरी नहीं, बल्कि शादी में शामिल एक रिश्तेदार ही निकला।

पुलिस अधीक्षक अमित कुमार ने मंगलवार को प्रेस कॉन्फ्रेंस में बताया कि फरियादी निर्मल पाटीदार निवासी ग्राम बोदिना ने शिकायत दर्ज कराई थी। 26 अप्रैल को विवाह समारोह के चलते पूरा परिवार घर से बाहर था।

रात करीब 10 बजे लौटने पर घर का ताला टूटा मिला और अलमारी से चांदी के आभूषण व नकदी गायब थे। इसी दौरान बारात में एक रिश्तेदार के बैग से सोने का हार और नकदी चोरी होने का मामला भी सामने आया।

मामले में थाना सैलाना पर प्रकरण दर्ज कर जांच शुरू की गई।

अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक विवेक कुमार लाल और एसडीओपी नीलम बघेल के मार्गदर्शन में थाना प्रभारी पिंकी आकाश के नेतृत्व में टीम गठित की गई। टीम ने तकनीकी साक्ष्य और मुखबिर सूचना के आधार पर संदेही तक पहुंच बनाते हुए उसे हिरासत में लिया।



> **पुलिस ने माल जब्त कर कोर्ट में किया पेश**
>
> पुलिस ने करीब 5 लाख रुपए मूल्य के आभूषण, 21 हजार रुपए नकद और वारदात में प्रयुक्त मोटरसाइकिल जब्त कर आरोपी को गिरफ्तार किया। आरोपी को न्यायालय में पेश कर आगे की कार्रवाई की जा रही है।

**शेड में छिपाए जेवर, बाइक में रखी नकदी:** पूछताछ में आरोपी सुजल पिता मुकेश पाटीदार (20) निवासी ग्राम पंचेवा ने चोरी करना स्वीकार कर लिया। आरोपी दूल्हे का रिश्तेदार था और विवाह समारोह में आमंत्रित था। उसकी निशानदेही पर पवन चक्की क्षेत्र स्थित टीन शेड से सोने-चांदी के आभूषण बरामद किए गए, जबकि नकदी मोटरसाइकिल की टंकी के नीचे छिपाकर रखी गई थी।

# रेलवे को टिकट चेकिंग से एक दिन में मिला 16 .56 लाख रुपये का राजस्व

▶ 2249 मामलों में कार्रवाई, प्रमुख स्टेशनों और ट्रेनों में चला विशेष जांच अभियान

**रतलाम।** यात्रियों को बेहतर सुविधाएं उपलब्ध कराने और बिना टिकट यात्रा पर प्रभावी नियंत्रण के उद्देश्य से पश्चिम रेलवे का रतलाम मंडल लगातार सख्ती के साथ अभियान चला रहा है। वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक श्रीमती हीना वी. केवलरामानी के निर्देशन में वाणिज्य विभाग के अधिकारी एवं पर्यवेक्षक निरंतर निगरानी बनाए हुए हैं।

जनसंपर्क अधिकारी मुकेश कुमार द्वारा जारी प्रेस विज्ञप्ति के अनुसार 27 अप्रैल 2026 को रतलाम मंडल के टिकट चेकिंग स्टाफ ने उल्लेखनीय प्रदर्शन करते हुए 16.56 लाख रुपये का राजस्व अर्जित कर नया रिकॉर्ड कायम किया। इस दौरान रतलाम मंडल के प्रमुख रेलवे स्टेशनों—रतलाम, उज्जैन, इंदौर, चित्तौड़गढ़, नीमच, मंदसौर, दाहोद, देवास एवं डॉ. अम्बेडकर नगर सहित विभिन्न स्थानों पर तथा मंडल से गुजरने वाली ट्रेनों में सघन जांच अभियान चलाया गया। अभियान के तहत टिकट चेकिंग स्टाफ ने लगातार यात्रियों की जांच कर बिना टिकट यात्रा करने वालों के विरुद्ध कार्रवाई की। जांच के दौरान विभिन्न श्रेणियों में कुल 2249 प्रकरण दर्ज किए गए, जो मंडल की सक्रियता और सख्त निगरानी को दर्शाता है। यह उपलब्धि मंडल के अधिकारियों एवं कर्मचारियों की सतर्कता, प्रतिबद्धता और बेहतर समन्वय का परिणाम है। रतलाम मंडल ने यात्रियों से अपील की है कि वे रेलवे परिसर एवं ट्रेनों में यात्रा के दौरान वैध टिकट अथवा प्राधिकृत पास के साथ ही सफर करें, जिससे सभी को सुरक्षित, सुविधाजनक और गरिमापूर्ण यात्रा का अनुभव मिल सके।

## एक नजर में

### कलेक्टर की जनसुनवाई में मिले 100 आवेदन

**रतलाम।** कलेक्टर कार्यालय में मंगलवार को जनसुनवाई आयोजित की गई। कलेक्टर कार्यालय सभाकक्ष में कलेक्टर श्रीमती मिशा सिंह, सीईओ जिला पंचायत सुश्री वैशाली जैन एवं एडीएम डॉ शालिनी श्रीवास्तव ने आवेदको को सुना एवं आवेदकों से आवेदन प्राप्त किये। जनसुनवाई में 100 आवेदन प्राप्त हुए। निराकरण योग्य आवेदनों का मौके पर ही उपस्थित विभागीय अधिकारियों से निराकरण करवाया गया एवं शेष आवेदनों का समय सीमा में निराकरण करने के लिए संबंधित विभाग प्रमुखों को निर्देशित किया गया। जनसुनवाई में आवेदिका हुनाबाई निवासी ग्राम रैला तहसील रावटी ने बताया कि उनके पति की मृत्यु खेत में विद्युत मोटर बंद करते समय हो गई थी। परिवार के भरण पोषण के लिऐ आर्थिक सहायता हेतु आवेदन दिया। कार्यवाही हेतु तहसीलदार रावटी को निर्देशित किया गया। आवेदक हीरालाल पिता दयाराम निवासी ग्राम कोटडी ने आवेदन दिया कि उन्हें प्रधानमंत्री आवास योजना का लाभ मिला था और मकान निर्माण कार्य भी कर लिया है। योजना की कुछ राशि प्राप्त हो चुकी है, लेकिन अंतिम दो किश्तें पिछले 11-12 महीनों से नहीं मिली हैं। कार्यवाही हेतु सीईओ जनपद पंचायत को निर्देशित किया गया। आवेदक बापुसिंह निवासी ग्राम बाजेड़ा ने बताया कि शासकीय भूमि पर बने शमशान का उपयोग आसपास के गांवों के लोग दाह संस्कार के लिए करते हैं, लेकिन खाली पड़ी भूमि को देखकर कुछ लोग अतिक्रमण करने का प्रयास कर रहे हैं। निराकरण हेतु संबंधित अधिकारी को निर्देशित किया गया। आवेदक रमेश पिता कारूलाल निवासी रतलाम ने आवेदन दिया कि उसके घर में सीवर चेम्बर और बाथरूम बार-बार जाम हो रहे हैं, जिससे घर में पानी भर जाता है और बीमारी का खतरा बना रहता है। संबंधित कार्यालय मे शिकायत करने के बावजूद केवल आश्वासन मिलता है, लेकिन समस्या का स्थायी समाधान नहीं हो रहा। कार्यवाही हेतु कमिश्नर नगर निगम को निर्देशित किया गया।

### आलोट एसडीएम रचना शर्मा ने किया गेहूं उपार्जन केंद्रों का निरीक्षण, व्यवस्था के दिए निर्देश

**आलोट।** रबी विपणन वर्ष 2026-27 के अंतर्गत शासन के निर्देशानुसार कलेक्टर श्रीमती मिशा सिंह के मार्गदर्शन में जिले में उपार्जन केन्द्रो पर समर्थन मूल्य पर गेहूं उपार्जन किया जा रहा है । आज एसडीएम आलोट श्रीमती रचना शर्मा द्वारा उपार्जन केन्द्र अर्चना डूंगरवाल वेयर हाउस रिंगनोद, बर्डियागोयल क्रमांक 1 एवं 2 का आकस्मिक निरीक्षण कर उपार्जन केन्द्रो पर खरीदी व्यवस्था का जायजा लिया। गुणवत्ता की जांच में गेहूं एफएक्यू मानकों के अनुरूप पाया गया। भुगतान की स्थिति में कुल 400 किसानों को 3 करोड़ 12 लाख 34 हजार 875 रुपये का भुगतान किया जा चुका है, जबकि 56 किसानों का भुगतान शेष है। निरीक्षण के दौरान बोरियों का वजन जांचा गया। केंद्र पर पानी और छाया की व्यवस्था भी उपलब्ध पाई गई तथा सभी कर्मचारी उपस्थित मिले। वेयरहाउस में 5 तौल कांटे चालू स्थिति में पाए गए, साथ ही निर्देश दिए गए कि एक घंटे के भीतर 7 अतिरिक्त तौल कांटे बढ़ाए जाएं। वर्तमान में 18 हम्माल कार्यरत हैं। दोनों केंद्रों पर 50 हम्माल लगाने के निर्देश दिए गए हैं। निरीक्षण के दौरान केंद्रों के बाहर लगभग 137 ट्रॉलियां खड़ी मिलीं, जिनकी सूची स्लॉट बुकिंग के अनुसार तैयार कर ली गई है। निरीक्षण में वेयरहाउस का आधे से अधिक हिस्सा पुराने गेहूं से भरा हुआ है और दोनों केंद्र एक ही वेयरहाउस में संचालित हो रहे हैं, जिससे स्थान की कमी बनी हुई है। स्थिति को देखते हुए एक केंद्र को अन्य वेयरहाउस से मैप करने हेतु पत्र तैयार कर शासन को भेजने के लिए निर्देशित किया गया ।

### 10 खिलाड़ियों ने स्वर्ण पदक और तीन ने कांस्य पदक पर जमाया कब्जा




**जावरा।** बांसवाड़ा में आयोजित ओपन कराटे लीग सीजन-2 में जिले के खिलाडियों ने शानदार प्रदर्शन करते हुए जिले का नाम रोशन किया। इस प्रतियोगिता में रतलाम से कुल 13 खिलाडियों ने भाग लिया, जिनमें से 10 खिलाडियों ने स्वर्ण पदक एवं 3 खिलाडियों ने कांस्य पदक प्राप्त कर उत्कृष्ट उपलब्धि हासिल की। टीम के कोच शेख शरीफ उद्दीन एवं टीम मैनेजर शुभम तलोड़िया ने जानकारी देते हुए बताया कि खिलाडियों ने कड़ी मेहनत और अनुशासन के बल पर यह सफलता प्राप्त की है। स्वर्ण पदक विजेता खिलाड़ियों में लकी गवाली, अरहान खान, परम गोसर, नाहल खान, प्रेक्षा टुकड़िया, लीना गोसर, अंजुम शेख, मयंक प्रताप सिंह राठौड़, अजीम खान एवं हर्ष राज सिंह चौहान शामिल हैं। वहीं, श्रद्धा तलोड़िया, दर्शन परिहार एवं अर्जुन मुनिया ने कांस्य पदक हासिल किया। इस प्रतियोगिता में आशुतोष प्रजापत ने निर्णायक (जज) की महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। इस उत्कृष्ट उपलब्धि पर जयेश राठौड़, चिराग असरानी, दीपक यादव, शुभम चौहान एवं यतेंद्र भारद्वाज ने सभी खिलाड़ियों को शुभकामनाएं दीं और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। सफलता न केवल खिलाड़ियों के लिए बल्कि पूरे रतलाम शहर के लिए गर्व का विषय है।

# कलेक्टर ने गेहूं खरीदी केंद्र का किया निरीक्षण

**नवभारत न्यूज**

**रतलाम।** रबी विपणन वर्ष 2026-27 के अंतर्गत शासन के निर्देशानुसार जिले में समर्थन मूल्य पर गेहूं उपार्जन का कार्य जारी है। इसी क्रम में कलेक्टर मिशा सिंह ने नामली स्थित उपार्जन केंद्र का आकस्मिक निरीक्षण किया और व्यवस्थाओं का जायजा लिया।

निरीक्षण के दौरान कलेक्टर ने तौल कांटों का सत्यापन करवाया तथा कंप्यूटर के माध्यम से संचालित ऑनलाइन प्रक्रिया का अवलोकन किया। उन्होंने मौके पर ही मॉइश्चर मशीन से गेहूं की नमी की जांच भी करवाई। कलेक्टर ने किसानों से संवाद कर उपार्जन प्रक्रिया, उपलब्ध सुविधाओं और केंद्र पर की जा रही व्यवस्थाओं के संबंध में जानकारी ली।



साथ ही किसानों की समस्याएं सुनकर संबंधित अधिकारियों को उनके त्वरित समाधान के निर्देश दिए।

तौल प्रक्रिया की पारदर्शिता सुनिश्चित करने के लिए गेहूं की बोरियों का वजन मौके पर कराकर सत्यापन कराया गया। गर्मी को देखते हुए केंद्र पर ठंडा पेयजल, ओआरएस पैकेट और छाया की व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए। किसानों की बढ़ती संख्या को ध्यान में रखते हुए तुलाई कार्य में तेजी लाने के लिए तौल कांटों की संख्या बढ़ाने के निर्देश भी दिए गए।

निरीक्षण के दौरान जिला आपूर्ति अधिकारी आनंद गोले, तहसीलदार रतलाम ग्रामीण आशीष उपाध्याय सहित अन्य संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

# ट्रैक्टर हटाने को लेकर झगड़ा मारपीट के बाद चली गोली

**रतलाम।** जिले के नामली थाना क्षेत्र के ग्राम नेगड़दा में रास्ते में खड़े ट्रैक्टर को हटाने को लेकर शुरू हुआ विवाद हिंसक रूप ले बैठा। देखते ही देखते मामला मारपीट से बढ़कर फायरिंग तक पहुंच गया, जिसमें एक व्यक्ति और उसके बेटे को छर्रे लगने से चोटें आई हैं। आरोपियों द्वारा कार में तोड़फोड़ करने की भी घटना सामने आई है।

प्राप्त जानकारी के अनुसार फरियादी विक्रम जाट ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि वह अपने पिता दिनेश जाट और भाई के साथ खेती-किसानी करता है। सोमवार की रात करीब 8:15 बजे वह अपनी कार से रतलाम से अपने गांव नेगड़दा लौट रहा था। रास्ते में अशोक जाट के घर के सामने ट्रैक्टर-ट्रॉली खड़ी होने से मार्ग अवरुद्ध था। हॉर्न बजाने के बावजूद ट्रैक्टर नहीं हटाने पर दोनों पक्षों में विवाद शुरू हो गया। आरोप है कि अशोक जाट और चरणसिंह ने गाली-गलौज करते हुए फरियादी के साथ मारपीट शुरू कर दी। शोर सुनकर बीच-बचाव करने पहुंचे पिता दिनेश जाट और भाई पर भी हमला किया गया।

इसी दौरान अशोक जाट अपने घर से बंदूक लेकर आया और दिनेश जाट पर फायर कर दिया, जिससे उनके दोनों पैरों में छर्रे लगने से चोट आई। फरियादी के भाई को भी पैर में चोट आई है। इसके अलावा जितेंद्र और रमेश नामक अन्य आरोपियों ने भी लाठी से मारपीट की, जिससे दिनेश जाट को शरीर में कई स्थानों पर गंभीर चोटें आईं। आरोपियों ने फरियादी की कार में पत्थर और लाठियों से तोड़फोड़ कर नुकसान पहुंचाया। घटना के दौरान मौके पर मौजूद लोगों ने बीच-बचाव कर स्थिति को शांत कराया।

# आधार बायोमेट्रिक अपडेट अभियान में रतलाम शीर्ष 5 में

**रतलाम।** यूआईडीएआई के राज्य कार्यालय भोपाल के निदेशक सुमित मिश्रा ने कलेक्टर श्रीमती मिशा को अर्द्धशासकीय पत्र के माध्यम से बताया कि भारत सरकार इलेक्ट्रॉनिक्स एवं सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय अंतर्गत यूनिक आइडेंटिफिकेशन अथॉरिटी ऑफ इंडिया द्वारा संचालित 'विद्यार्थियों के लिए आधार, अब विद्यालय के द्वार' अभियान में रतलाम जिले ने उल्लेखनीय उपलब्धि हासिल की है। अभियान के तृतीय चरण 1 अप्रैल से 25 अप्रैल में रतलाम जिला प्रदेश के शीर्ष पांच जिलों में शामिल रहा है। विद्यार्थियों के अनिवार्य आधार बायोमेट्रिक अपडेट (एमबीयू) में जिले में 42543 स्कूली बच्चों के आधार अपडेट करने पर यह उपलब्धि प्राप्त हुई है, जो सराहनीय है। कलेक्टर मिशा सिंह सहित रतलाम जिले की पूरी टीम, विशेषकर स्कूल शिक्षा विभाग, डीईजीएस के प्रयासों की प्रशंसा ।

# पहले श्रवण फिर वर्णन, यही ज्ञान-कर्म की राह




**नवभारत न्यूज**

**रतलाम।** शास्त्रों में सबसे पहले श्रवण को श्रेष्ठ कहा गया है सुनना अपने इष्ट के नाम को श्रवण करना क्योंकि शब्द कान से हृदय में पहुंचता है श्रवण और कीर्तन बाद में मनन, ध्यान, वंदन, पूजन, अर्चन करना होता है। श्रवण और कीर्तन को आधार लेकर जीवन में भक्ति मार्ग प्रशस्त करना चाहिए । शरीर में आत्मा होती है लेकिन वह छुपी हुई है। इससे अंदर ज्ञान है वह उसके निकट होते है तो वह भक्ति हो जाती है।

चिंता नहीं चिंतन करना चाहिए क्योंकि चिंता से समस्या का निदान नहीं होता बल्कि चिंतन करने से ही समस्या के हल का मार्ग मिलता है । उक्त वक्तव्य अखिल भारतीय रामायण मेला के अन्तर्गत शंकराचार्य स्वामी ज्ञानानंदजी तीर्थ ने अपने मुखारबिन्द से जनसमुदाय को सम्बोधित करते हुए कहें ।

अ. भा. रामायण मेला त्रिवेणी मेला ग्राण्ड के पास शिवालय कॉलोनी में चल रहे रामाय़ण मेला में स्वामी देवस्वरूपानंद जी (अखंड ज्ञान आश्रम) ने भी सम्बोधित करते हुए रामायण मेला पुनः प्रारम्भ करने के लिए पं. राजेश दवे एवं दवे परिवार को साधुवाद दिया । आपने कहा कि इसे शंकराचार्य जी के द्वारा ही पुनः प्रारम्भ करना गर्व की बात है। जीवन में संतों का सानिध्य करना भक्ति करना ही बड़ी भक्ति है । संतो का सानिध्य भाग्यशाली को ही मिलता है।

प्रारम्भ में रामचरित मानस का पूजन भव्या गौरव दवे द्वारा किया गया। इस अवसर पर पं. राजेश दवे, अनिल झालानी अध्यक्ष सनातन धर्म सभा, झमक भरगट अध्यक्ष सर्राफा एसोसिएशन, अतुल गौड़ पिपलौदा नगर परिषद अध्यक्ष, उद्योगपति संदीप व्यास, नवनीत सोनी, सत्यनारायण पालीवाल ने भी संतो का स्वागत सम्मान कर आशीर्वाद प्राप्त किया। इस अवसर पर अनिल झालानी द्वारा उपस्थित धर्मालुजनों के साथ भरपूर वर्षा के लिए प्रार्थना की गई । कार्यक्रम पश्चात आरती कर प्रसादी वितरण की गई ।

इस अवसर पर शांतिलाल पाटीदार, रामप्रसाद पाटीदार, दिनेश पाटीदार, निरंजन पंड्या, सुनील राठौर, रूपेश पाटीदार सहित बड़ी संख्या में धर्मालुजन उपस्थित थे। कार्यक्रम का संचालन ध्रुव पारखी ने किया।

# विधायक कमलेश्वर डोडियार की जनसुनवाई में उमड़ा जनसमूह, मौके पर ही समस्याओं के समाधान के निर्देश

**नवभारत न्यूज**

**सैलाना।** क्षेत्रीय विधायक कमलेश्वर डोडियार ने सोमवार को बाजना क्षेत्र के ठिकरिया और करबलखोरा में जनसुनवाई कर एक बार फिर जनता से सीधे संवाद की मजबूत मिसाल पेश की। इस दौरान आसपास के 10- 20 गांवों से बड़ी संख्या में ग्रामीण अपनी समस्याएं लेकर पहुंचे। निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार विधायक सुबह 8 बजे ठिकरिया पहुंचे, जहां हाई स्कूल के पास ग्रामीणों से चर्चा की गई।

दोपहर 12 बजे करबलखोरा में उपसरपंच मोतीलाल के निवास के समीप चौपाल लगाकर जनसुनवाई की गई। खास बात यह रही कि यह जनसुनवाई विधायक की व्यक्तिगत पहल पर आयोजित की गई थी, जिसमें उन्होंने बिना किसी प्रशासनिक दबाव के सीधे आमजन की समस्याएं सुनीं। जनसुनवाई के दौरान पेंशन, किसान सम्मान निधि, आवास योजना, पेयजल संकट, खराब सड़कें, बिजली आपूर्ति, नालियों की समस्या, वन अधिकार



पट्टे और जमीन सीमांकन जैसे मुद्दे प्रमुख रूप से सामने आए। विधायक डोडियार ने छोटी और तात्कालिक समस्याओं पर तुरंत संज्ञान लेते हुए संबंधित अधिकारियों को फोन पर निर्देश दिए और शीघ्र समाधान सुनिश्चित करने को कहा।

वहीं, ग्रामीणों द्वारा रखी गई बड़ी मांगों—जैसे तालाब (बांध) निर्माण, आंगनवाड़ी भवन, स्कूल भवन और स्वास्थ्य सुविधाओं के विस्तार—पर विधायक ने भरोसा दिलाया कि इन मुद्दों को विधानसभा में मजबूती से उठाया जाएगा और शासन स्तर पर आवश्यक कार्रवाई कराई जाएगी। इस दौरान विधायक ने यह भी स्पष्ट किया कि ऐसी जनसुनवाई का उद्देश्य जनता से सीधा जुड़ाव और बिना किसी औपचारिकता के समस्याओं का समाधान करना है। भारत आदिवासी पार्टी के जिलाध्यक्ष रमेश खराड़ी, बाजना ब्लॉक अध्यक्ष प्रभु चारेल, उपाध्यक्ष रामा दामा, संगठन मंत्री बालचंद मईडा सहित अन्य पदाधिकारी, कार्यकर्ता मौजूद रहे।



# लगातार दो मैच जीत कर संघ ने ट्रॉफी पर किया कब्जा

**नवभारत न्यूज**

**जावरा।** अभिभाषक संघ की क्रिकेट टीम ने एक बार फिर अभिभाषक संघ जावरा का गौरव बढ़ाते हुए क्रिकेट ट्रॉफी हासिल की।

अभिभाषक संघ जावरा एवं रेवेन्यू डिपार्मेंटट के बीच मैत्री क्रिकेट टूर्नामेंट का आयोजन अंबेडकर क्रिकेट क्लब द्वारा मेला मैदान में नाइट टूर्नामेंट तीन मैचो की श्रृंखला के रूप मे आयोजन किया गया था। जिसमें अभिभाषक संघ ने लगातार दो मैच जीत कर एक बार फिर संघ की टीम ने रिवेन्यू डिपार्मेंटट को लगातार दो मैच हरा कर ट्रॉफी अपने नाम की। कार्यकारिणी द्वारा क्रिकेट टीम को पूर्ण सहयोग प्रदान किया गया।

**एक नजर में** ▶ विधायक डॉ राजेंद्र पांडेय के अथक प्रयासों से एमडीएस सर्जन की नियुक्ति

# एमडीएस सर्जन डॉ .कूपर ने किया ज्वॉइन अब चेहर और जबड़े के भी होंगे ऑपरेशन

**नवभारत न्यूज**

**जावरा।** विधायक डॉ राजेंद्र पांडेय के अथक प्रयासों से एमडीएस सर्जन डॉ राज कपूर दांगी की नियुक्ति सिविल हॉस्पिटल जावरा में हुई है। डा राज कपूर दांगी ने ज्वॉइन भी कर लिया है, हादसों के दौरान हेलमेट नहीं पहनने पर चेहरे,जबड़े के ऑपरेशन अब सिविल हॉस्पिटल जावरा में ही हो सकेंगे।

मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी रतलाम डॉ संध्या बेलसरे के मार्गदर्शन और सिविल हॉस्पिटल जावरा प्रभारी डॉ दीपक पालड़ीया के निर्देशन में अब हादसों के दौरान हेलमेट नहीं पहनने वाले के चेहरे फ्रैक्चर हो रहे हैं। जबड़े ओर चेहरे के जटिल ऑपरेशन सिविल हॉस्पिटल



जावरा में हो सकेंगे। दुर्घटनाओं एवं मारपीट के मामले में आंख के नीचे ओर ऊपर की हड्डियां टूट जाती है। प्रभारी सुपरवाइजर शैलेन्द्र कुमार दवे ने बताया कि प्रायवेट अस्पतालों में इसका खर्चा 60 से 70 हजार रुपए आता है जबकि अब सिविल हॉस्पिटल जावरा में इसका इलाज निशुल्क हो सकेंगा, इसके अलावा माइनर सर्जरी में अक्ल दाढ़ निकालना, ओरल केंसर की बायोप्सी भी हो जाएंगी, चेहरे के जटिल ऑपरेशन इसे ओपन रिडक्शन ओर इंटरनल फिक्सेशन भी कहते हैं।

> **कई बार एक्सीडेंट में हो जाता है फैक्चर**
>
> अब हादसों के दौरान हेलमेट नहीं पहनने वाले के चेहरे फ्रैक्चर हो रहे हैं। जबड़े ओर चेहरे के जटिल ऑपरेशन सिविल हॉस्पिटल जावरा में हो सकेंगे, अक्सर सड़क दुर्घटनाओ एवं मारपीट के मामले में आंख के नीचे ओर ऊपर की हड्डियां टूट जाती है।

# राष्ट्रव्यापी कृत्रिम गर्भाधान में रतलाम जिले के उत्कृष्ट कार्य की प्रशंसा

**रतलाम।** प्रमुख सचिव मध्यप्रदेश शासन पशुपालन एवं डेयरी विभाग उमाकांत उमराव ने कलेक्टर मिशा सिंह को अर्द्धशासकीय पत्र के माध्यम से बताया है कि प्रदेश में मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव द्वारा दुग्ध उत्पादन दोगुना करने के लक्ष्य के तहत जिले में नस्ल सुधार कार्यक्रम में सराहनीय कार्य किया गया है। वित्तीय वर्ष 2025-26 में 55 हजार गौ-भैंस वंशीय पशुओं में कृत्रिम गर्भाधान का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। अक्टूबर-नवंबर 2025 में 8637 लक्ष्य के विरुद्ध 92 प्रतिशत प्रविष्टियां भारत पशुधन एप पर दर्ज की गई हैं। इस उपलब्धि के लिए कलेक्टर श्रीमती मिशा सिंह एवं पशुपालन विभाग की पूरी टीम की प्रशंसा की गई है। राज्य शासन ने जिले के इस प्रदर्शन की प्रशंसा करते हुए आगे भी इसी तरह उत्कृष्ट कार्य जारी रखने की अपेक्षा जताई है।